Need to declare the promotion results of DRDO and DAE Scientists -- laid

श्री महाबली सिंह (काराकाट): मैं डीआरडीओ डीएई वैज्ञानिकों की पदोन्नति परिणाम पूर्व की तरह समय सीमा के अंदर जारी करने के संबंध में भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। देश की सेवा में डीआरडीओ हमारे सशस्त्र बलों को रडार, मिसाइल, सिस्टम, टैंक, पनडुबी और विमान जैसी कई अत्याधुनिक प्रणालियां प्रदान करता रहा है | वैश्विक महामारी कोविड के दौरान डीआरडीओ वैज्ञानिकों ने नागरिकों को समय सीमा के अंदर चिकित्सा सुविधा प्रदान कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मैं सरकार को यह भी अवगत कराना चाहता हूं कि पूर्व में डीआरडीओ के उच्च ग्रेड वैज्ञानिकों के साथ साथ डीएई वैज्ञानिकों को भी पदोन्नति को प्रदान किया जाता था, लेकिन पिछले दो वर्षों से 2021-2022 के प्रमोशन के नतीजों को रोक दिया गया है। जो कि हमारे वैज्ञानिकों को हतोत्साहित करने वाला निर्णय है। मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि डीएई वैज्ञानिकों को पदोन्नति के परिणाम शीघ्रातिशीघ्र जारी किए जाएं।

____